राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 अगस्त। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश में होने वाले आगामी पंचायत राज संस्थाओं के चुनावों की तैयारियां एवं रणनीति तैयार करने हेतु प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयुपर में जयपुर जिले के जिला प्रभारी उपाध्यक्ष एवं महासचिव, कांग्रेस विधायक, कांग्रेस से सम्बद्ध विधायक, विधायक प्रत्याशीगण, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की बैठक ली।

बैठक में श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कोरोना जैसी भीषण महामारी के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने आम जनता के बीच मौजूद रहकर पीड़ितों की मदद करने का कार्य किया तथा प्रदेश सरकार ने प्रदेश की जनता को मुफ्त जांच, मुफ्त दवाईयां, मुफ्त ईलाज सहित अन्य सहायता उपलब्ध करवाकर राहत पहुँचाई है जबकि विपक्षी दल केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करते रहे हैं और जनता के बीच से नदारद रहे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा भीषण महामारी के दौरान प्रदेश की जनता को ऑक्सीजन, जीवन रक्षक दवायें तथा अन्य सहायता उपलबध करवाने में सौतेला एवं भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जिसका हिसाब जनता भाजपा से लेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार देश में बढ़ती मॅंहगाई रोकने में असफल रही है, युवाओं को रोजगार देने में असफल रही है, किसान केन्द्र सरकार की नीतियों से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि सत्ता एवं संगठन में समन्वय के साथ कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की जनता की जिस प्रकार से सेवा की है उसके परिणामस्वरूप आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत के साथ विजय प्राप्त करेगी।

Created by Universal Document Converter